दिनांक : 03.07.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री त्रिनीदाद टोबैगो दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज रात त्रिनीदाद और टोबैगो पहुंचेंगे। वे त्रिनीदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति क्रिष्टीने कार्ला कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार- विमर्श करेंगे। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत के उच्चायुक्त डॉ. प्रदीप राजपुरोहित ने आकाशवाणी के साथ चर्चा में कहा कि दोनों देश अपने संबंधों की 180वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और प्रधानमंत्री की यात्रा प्रवासी भारतीयों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस यात्रा से स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, क्षमता निर्माण और कौशल विकास में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।

लैपटॉप वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

वैष्णव सम्मेलन

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव आज नई दिल्ली में ब्रॉडकास्ट एंड मीडिया टैक्नोलॉजी - बीईएस एक्सपो 2025 से संबंधित 29वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है - **एआई के माध्यम से मीडिया परिदृश्य में परिवर्तन: सृजन, सहयोग और मुद्रीकरण**। तीन दिन के इस सम्मेलन में जाने माने प्रसारणकर्ता, मीडिया क्षेत्र के पेशेवर और देश विदेश के वक्ता व्याख्यान देंगे और अत्याधुनिक प्रसारण विषयों पर विचार- विमर्श करेंगे।

अमरनाथ यात्रा

श्री अमरनाथ जी की 38 दिनों की वार्षिक यात्रा आज सुबह दोनों मार्गों पहलगाम और गांदरबल जिले के बालताल से शुरू हो गई। प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दी। इससे पहले, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कल सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा जाने के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

मौसम

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। आज सुबह से उमरिया और मऊगंज जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग का जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के 17 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट है। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग के 4 जिलों में भी बारिश की संभावना है। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत अन्य जिलों में भी बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक पूरे प्रदेश में तेज बारिश होने की संभावना जताई है। इस बीच कल शिवपुरी, उज्जैन-रतलाम, नौगांव में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं, बड़वानी, मऊगंज, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, सीहोर, शहडोल, बैतूल, भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, श्योपुर, मंडला, सागर, सतना, सीधी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा में भी दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही।

समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय जीएससटी आयुक्त कार्यालय जबलपुर द्वारा कल 8वां जीएसटी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें करदाताओं के साथ–साथ संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य लोग उपस्थित थे।
- कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में संभागीय योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय इंदौर द्वारा प्रकाशित "जिला विकास पुस्तिका 2024" एवं "जिले के प्रमुख आंकड़े 2024" पुस्तिकाओं का विमोचन किया।
- नर्मदापुरम जिले के गांव ऊंटिया किशोर और जमाड़ा गांव के बीच खेत में आकाशीय बिजली गिरने से दो नाबालिग मजदूर लड़कियों की मौत हो गई।
- धार जिले में अवैध मदिरा के अड्डों पर कार्यवाही करते हुए आबकारी विभाग ने 10 लाख रूपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब जब्त की है।
- भारत और इंग्लैण्ड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत पांच विकेट पर 310 रन से आगे खेलना शुरू करेंगा।